कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नम्बर एवं फैक्स नं. 0771–2972780

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 1204

रायपुर, दिनांक 13/05/19

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक ग्रेड–3, डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा (AGDO18) के कौशल परीक्षा के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत दिनांक 30.09.2018 (रविवार) को सहायक ग्रेड–3, डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा (AGDO18) आयोजित की गई थी तथा लिखित परीक्षा उपरांत कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के प्रथम चरण परिणाम दिनांक 04.02.2019 को घोषित किया गया ।

कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों के सहायक ग्रेड–3, डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु कौशल परीक्षा दिनांक 21 मई 2019 को आयोजित की जावेगी। प्रथम पाली में डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु कौशल परीक्षा एवं द्वितीय पाली में सहायक ग्रेड–3 पदों हेतु कौशल परीक्षा होगी ।

अभ्यर्थी ऑनलाइन कौशल–परीक्षा हेतु ऑनलाइन प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in से दिनांक 14 मई 2019 से 19 मई 2019 के मध्य डाउनलोड कर सकेंगे । अभ्यर्थी लिखित परीक्षा का रोल नंबर व पासवर्ड में अपना जन्मतिथि (DD/MM/YYYY) एंटर कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा।

अभ्यर्थियों को व्यापम की वेबसाइट पर कौशल परीक्षा हेतु **MOCK TEST** से प्रैक्टिस करने की सुविधा दी गई है ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

AGDO18 Skil Test for ANSWER PRESS VIGYAPTI-2018 U.K.